प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

दिनांकः 03.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने लद्दाख के लेह में देश के पहले एनालॉग अंतरिक्ष मिशन की शुरूआत की।

- देश में स्टार्टअप ने इस साल अक्टूबर महीने तक 12 बिलियन डॉलर की राशि का आंकड़ा पार किया।

- भाईदूज का पर्व आज परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है–इसके साथ ही दीपोत्सव का समापन होगा।

- प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है–पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय नहीं होने से सर्दी की धीमी शुरूआत।

000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने लद्दाख के लेह में देश के पहले एनालॉग अंतरिक्ष मिशन की शुरूआत की है। दूसरे ग्रहों में जीवन का पता लगाने और आवास स्थापित करने के लिए इस मिशन की शुरूआत की गई है। इसरो की ये पहल भारत की ओर से निकट भविष्य में चंद्रमा पर मानव भेजे जाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। एनालॉग अंतरिक्ष मिशन पृथ्वी पर अंतरिक्ष वातावरण के साथ भौतिक समानताएं रखने वाले और अंतरिक्ष उड़ान अनुसंधान के लिए समस्या समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका वाले स्थानों का परीक्षण है। लद्दाख की भौगोलिक विशेषताएं मंगल ग्रह और चंद्रमा के समान होने के कारण इस क्षेत्र को एनालॉग मिशन के लिए चुना गया है। एक महीने तक चलने वाला यह मिशन भारत की चंद्रमा पर आवास स्थापित करने की योजना के अनुरूप अंतरग्रहीय मिशन शुरू करने के लिए आधार प्रदान कर सकता है।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत के आत्मनिर्भर अभियान के अपेक्षित नतीजे मिल रहे हैं और वर्ष 2029–30 तक देश का रक्षा निर्यात 50 हज़ार करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। श्री सिंह आईआईटी कानपुर के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के सपने को साकार करने में स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्षमता को बढाने का आह्वान किया। श्री सिंह ने कहा कि दस वर्ष पूर्व देश का रक्षा निर्यात लगभग 600 करोड़ रुपये का था, जो अब 21 हज़ार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

000

भारतीय नवाचारों, स्टापर्टअप ने मौजूदा वर्ष के पहले 10 महीनों में 12 दशमलव 2 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। यह राशि वर्ष 2023 में जुटाई गई कुल राशि से भी अधिक है। स्वदेशी नवाचारों ने अक्टूबर महीने में एक बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया है। पिछले महीने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक हजार करोड़ रुपये की धनराशि को मंजूरी दी थी। निवेश के अवसरों और वित्तीय आवश्यकताओं को देखते हुए इस राशि को डेढ़ सौ से ढाई सौ करोड़ रुपये सालाना तक बढ़ाया जा सकता है।

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। डूंगरपुर जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र में दस उम्मीदवार मैदान में हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

000

जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह की आज जयंती है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सिटी पैलेस में महाराजा सवाई जयसिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा होगी। वहीं जयपुर हैरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम यादव स्टेच्यू सर्किल पर होने वाले समारोह में शिरकत करेंगी।

000

कोटा के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्टनोलोजी को नौसेना की हैकेथॉन प्रतियोगिता में पहला स्थान मिला है। हमारे कोटा संवाददाता ने बताया कि ये प्रतियोगिता हाल ही में नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुई थी।

000

आज भाईदूज का पर्व परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहने भाईयों को तिलक लगाकर और मुंह मीठा करवाकर उनकी लम्बी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। कई स्थानों पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र भी बांधती हैं और भाई उन्हें उपहार देते हैं। दीपावली के दो दिन बाद मनाये जाने वाले इस पर्व के साथ ही दीपोत्सव का समापन होता है। इसे भाई टीका और यम द्वितीया भी कहा जाता है। भीलवाड़ा, करौली और अजमेर सहित सभी जिलों में भाईदूज का हर्षोल्लास नजर आ रहा है। सवाईमाधोपुर में भी भाईदूज पर्व की उमंग है। हमारे संवाददाता ने बताया कि रणथम्भौर उद्यान में बड़ी संख्या में देशी–विदेशी सैलानियों ने सफारी के साथ त्यौहारी छुट्टियों का आनंद लिया।

000

जैसलमेर में लोक देवता बाबा रामदेव के समाधि स्थल रामदेवरा पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इससे पहले, कल करौली के मदन मोहन मंदिर में गोवर्धन पूजा की गई। दौसा में भी विभिन्न स्थानों पर गोवर्धन पूजा की गई और गिरिराज धरण मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा के विभिन्न बाजारों में लोगों से दिवाली की रामा–श्यामा की। उन्होंने रामपुरा, पुरानी सब्जी मंडी और अग्रसेन बाजार का दौरा किया और व्यापारियों और कारोबारियों से बातचीत की।

000

दीपोत्सव के साथ ही आस्था, सामाजिक समरसता और सूर्योपासना का महापर्व डाला छठ की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। राजधानी जयपुर में गलता तीर्थ पर छठ महापर्व का आयोजन होगा। इसके अलावा अन्य कई स्थानों पर छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। छठ पर्व पांच नवम्बर को नहाय खाय से शुरू होगा औ आठ नवम्बर को उगते हुए सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर सम्पन्न होगा।

000

जयपुर में दीपावली के अवसर पर की गई सर्वश्रेष्ठ रोशनी, सजावट और साफ–सफाई के लिए दिये जाने वाले पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट ने विभिन्न श्रेणियों में हर साल दिये जाने वाले पुरस्कारों का ऐलान किया। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि बड़े बाजारों में जौहरी बाजार को पहला पुरस्कार मिला है। इसके अलावा चांदपोल बाजार को दूसरा और चौड़ा रास्ता को तीसरा स्थान मिला है। छोटे बाजारों में बापू बाजार पहले, नेहरू बाजार दूसरे और इंदिरा बाजार तीसरे स्थान पर रहा है। सरकारी भवनों में एसएमएस मेडिकल कॉलेज ने पहला, जेडीए ने दूसरा और नगर निगम ग्रेटर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। धार्मिक स्थलों में अक्षरधाम पहले, अमरापुरा दूसरे और बिरला मंदिर तीसरे स्थान पर रहा है।

000

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ नहीं बनने के कारण तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं देखी जा रही है। इससे सर्दी की शुरूआत धीमी है और अधिकांश स्थानों पर सर्दी ज़ोर नहीं पकड़ पाई है। जैसलमेर और बाड़मेर में कल अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ और दिन में तेज़ धूप का असर देखा गया। वहीं जालौर में 37 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। हालांकि सुबह शाम कई स्थानों पर खुले इलाकों में हल्की सर्दी का अहसास हो रहा है। सीकर और हनुमानगढ में न्यूनतम तापमान साढे 15 डिग्री सेल्सियस के करीब रिकॉर्ड हुआ।

000